काजरी स्टाफ द्वारा कायलाना रोड़ पर सफाई

संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने 28 सितम्बर, 2019 को कायलाना रोड़ पर सफाई की। काजरी के प्रभारी निदेशक डा. प्रवीण भट्टनागर ने कहा कि हर स्थान को स्वच्छ रखना होगा, स्वच्छता से ही स्वस्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण अच्छा रहेगा। भारत सरकार के इस कार्यक्रम से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागृति आई है तथा स्वच्छता की ओर कदम बढ़ रहे है। नोडल अधिकारी डा. विपिन चैधरी ने बताया कि संस्थान में स्वच्छता ही सेवा और प्लास्टिक मुक्त भारत कार्यक्रम 11 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2019 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत शनिवार को संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने कायलाना रोड़ पर फैली प्लास्टिक की थैलियों को एकत्रित कर साफ सफाई की। सहायक प्रशासकीय अधिकारी भुपेन्द्र गिरी ने बताया कि संस्थान में विभिन्न कार्य स्थलों पर श्रमदान कर कर्मचारी लगातार स्वच्छ करने में जुटे है तथा सफाई के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवायें गये।